हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026

[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4

कांसाबेल में गौवंश का वध कर मांस काटते 5 आरोपी गिरफ्तार



खबर संक्षेप

नहाने के दौरान डेम में डूबने से युवक की मौत

अंबिकापुर। जिले के दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ीखुर्द स्थित डेम में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक युवक की डूबकर मौत हो गई। इस दुरान युवक के साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हुए। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम द्वारा शव को पानी से निकाला गया। पुलिस ने पीएम उपरंत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि शहर के नमनाकला निवासी 22 वर्षीय हर्ष कश्यप आ. रवि कश्यप अपने दोस्त निरंजन पैकरा व अन्य के साथ 17 अक्टूबर को पोड़ीखुर्द हरिपारा स्थित घुनघुट्टा डेम में नहाने गया था। नहाने के दौरान हर्ष कश्यप गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके तीनों दोस्तों ने काफी प्रयास किया, लेकिन वे उसे बचाने में सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलने पर दरिमा पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के गहरे पानी में डूब जाने के कारण उसका शव तत्काल नहीं मिल पाया। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को पानी से बाहर निकाला। फिलहाल दरिमा पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी हुई है।

सुवारपारा मोड़ पर बाइक पेड़ से टकराई, सवार युवक की मौत

अम्बिकापुर। सुवारपारा से बटईकेला मार्ग स्थित मोड़ पर तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बतौली अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी अजय कुमार चक्रवर्ती आ. प्रदीप कुमार चक्रवती (21 वर्ष) अंबिकापुर में रहकर रेलवे स्टेशन के समीप होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। अपने निजी काम से 5 बजे बतौली पहुंचा और अपने भाई से अपना बाइक केटीएम क्रमांक सीजी 15 ई जे 4512 को बिलासपुर से बतौली मंगवाया और कहा कि बाईक अंबिकापुर लेकर जा रहा हूं। दोस्तों से मिलने के बाद रात्रि 8 बजे जूनापारा मंगारी सुवारपारा क्रेशर मार्ग से जाने लगा और जैसे सुवारपारा मोड के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे स्थित बर्केन के पेड़ से अनियंत्रित होकर जा टकराया जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। बतौली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

बेटे ने पिता के सीने पर सब्बल से वार का उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

शंकरगढ़। घरेरू बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद हो गया।



विवाद इतना बढ़ गया कि पुत्र ने न सिर्फ पिता के साथ मारपीट किया बल्कि सब्बल से सीने में प्राणघात हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्यारे पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खैराडीह लाइन पारा निवासी भीनु पैकरा (52 वर्ष) बीत रात घर में था तभी पुत्र सत्येंद्र पैकरा (27 वर्ष) के साथ घरेलू बाद को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद बढ़ने लगा और मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच पुत्र ने घर में रखे सब्बल से पिता के सीने में जानलेवा हमला कर दिया जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर कर परिजन के सुपुर्द किया है। पुलिस ने आरोपी पुत्र के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

विधि-विधान से की पूजा-अर्चना, मां दुर्गा से की प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना

महानवमी पर कौशल्या साय ने बगिया में किया कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर







शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने बगिया स्थित गृह निवास में कन्या पूजन कर मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से कन्याओं का पूजन किया और उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया।

कन्या पूजन के दौरान श्रीमती कौशल्या साय ने पूरे विधि विधान से नौ कन्याओं के माथे पर कुमकुम, अक्षत और चंदन का तिलक लगाया तथा कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। उन्होंने कन्याओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर धूप-दीप से आरती उतारी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कन्याओं को सात्विक भोजन कराया। भोजन के बाद श्रीमती कौशल्या साय ने कन्याओं को दक्षिणा एवं उपहार भेंट किए और उनका आशीर्वाद लिया।

महानवमी के पावन अवसर पर श्रीमती कौशल्या साय ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। छोटी कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानकर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। इस परंपरा के माध्यम से नारी शक्ति के प्रति सम्मान, श्रद्धा और समर्पण का भाव प्रकट किया जाता है। कन्या पूजन भारतीय संस्कृति की उस परंपरा का प्रतीक है, जिसमें बेटियों को देवी स्वरूप मानकर उनका सम्मान किया जाता है।

गायत्री चेतना केंद्र में शारदीय नवरात्र पर दी गई पूर्णाहुति

पत्थलगांव। गायत्री चेतना केंद्र में शारदीय नवरात्र पूर्णाहुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को शारदीय नवरात्र अखंड दीप स्थापना एवं घट स्थापना सभी गायत्री परिजनों एवं आसपास से आए श्रद्धालुओं के मध्य प्रातः 9 से 12 बजे के मध्य डॉक्टर केके आजाद के द्वारा वेद मंत्रोच्चार पूजन के साथ किया गया था।

गायत्री परिजन ने अपने घरों में देव कलश स्थापित कर गायत्री महामंत्र का अनुष्ठान माला जाप के माध्यम से नव दिवसीय साधना का आयोजन भी किया। रविवार को सभी परिजनों द्वारा मंदिर में अखंड जाप पूर्ण किया गया। मंच



पर उपस्थित डॉक्टर केके आजाद, दिलीप भगत एवं शांतेश्वर यादव के द्वारा कर्मकांडी संस्कृत श्लोक एवं युग संगीत गायन कर यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में गायत्री चेतना केंद्र के वरिष्ठ परिजन गणेश्वर बेहरा, दिलीप भगत, डीआर चौहान, शांतेश्वर यादव, तोरेंद्र यादव, रत्नाकर खूंटिया, दिलीप साहू, रविशंकर खूंटिया, सखाराम सिदार, बसंती नामदेव, सोनिया साहू, भीमसेन स्वर्णकार ,ललित कुमार यादव, जयद्रथ यादव ,इंद्रजीत सिदार ,रूपनारायण यादव सभी सपरिवार एवं क्षेत्र से आए परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में चेतना केंद्र के व्यवस्थापक पवन अग्रवाल ने सभी परिजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सहसमन्वयक डीआर चौहान ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की। आरती पश्चात अखंड दीप दर्शन ,नौ कन्या भोज के बाद महा भंडारा प्राप्त करने का निवेदन किया गया।

गरबा महोत्सव में धर्म, संस्कृति का अनूठा संगम

जशपुरनगर। स्थानीय हरि कीर्तन भवन में आयोजित 'अक्स गरबा महोत्सव' में धर्म, संस्कृति और जन-जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य महोत्सव में करीब 1500 बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुति दी।

■ 1 हजार 500 बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

उल्लासपूर्ण माहौल के बीच जशपुर पुलिस के सहयोग से चलाए गए हेलमेट जागरूकता अभियान ने पूरे आयोजन को सामाजिक सरोकार की नई दिशा दी, महोत्सव का सबसे खास आकर्षण वह पल रहा जब मंच पर मौजूद सभी कलाकारों ने सिर पर हेलमेट पहनकर गरबा कराया। इसी दौरान गायिका तत्सा गुप्ता ने हेलमेट और यातायात सुरक्षा पर आधारित विशेष जागरूकता गीत गाकर श्रोताओं को नियमों के पालन का संदेश दिया। भक्ति संगीत के बीच कलाकारों ⏭ शेष पेज 2 पर



गायत्री शक्तिपीठ में 101 कन्याओं का कन्यापूजन

जशपुरनगर। शारदीय नवरात्रि के महानवमी पर गायत्री शक्तिपीठ जशपुर में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ पूरे विधि विधान से श्रद्धालुओं ने यज्ञाग्नि में आहुति प्रदान की। जिसमे 4 पालियो में श्रद्धालुओं ने हवन किया एवं गायत्री मंत्र , महामृत्युंजय मंत्र मंत्र से आहुति प्रदान करते हुए पूरे विश्व के कल्याण की कामना की गई।

इसके साथ माँ दुर्गा की भी स्तुति करते हुए आहुतियां प्रदान की गई। मंच का संचालन महिला मंडल स्कूल के द्वारा किया गया जिसमें श्रीमती निद्रावती चौहान, तूलिका पाठक, श्वेता दुबे, सावित्री पैंकरा, राजेश्वरी साहू के नाम शामिल है। कार्यक्रम में विद्यारंभ एवं मुंडन संस्कार भी कराया गया एवं नौ दिवस तक साधना करने



वाले परिजनों ने पूर्णाहुति भी की एवं माता भगवती भोजनालय द्वारा एक हजार से अधिक नगरवासियों को भोजन प्रसाद प्रदान किया गया। इस दौरान 101 नौकन्यायो को सर्वप्रथम मंत्रोचार के साथ कन्यापूजन किया गया एवं उन्हें विधिवत कन्याभोज कराया गया उन्हें उपहार दिए गए । जिसमें गायत्री परिजनों के साथ ही नगर की माताओ बहनो ने कन्या भोज में सभी नौकन्यायो को प्रसाद फल मिष्ठान आदि से उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया।

भक्ति और डांडिया के बीच गूंजा स्वच्छता का संदेश

जशपुरनगर। श्री नारायण जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव 2026 के आठवें दिन दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक गरबा पंडाल में उत्साह चरम पर रहा। आठवें दिन समिति ने स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देते हुए गानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

सबसे बड़ा आकर्षण रहा स्वच्छता गीत, जिसमें कलाकार कमलेश्वर सारथी जी ने 'स्वच्छ जशपुर' के संदेश पर गरबा कराया, जिसे दर्शकों ने खूब प्यार और तालियों से सराहा। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर राजपरिवार के राजा रणविजय सिंह जूदेव, रानी साहिबा, युवराज यश प्रताप सिंह जूदेव,



राजकुमार आर्य प्रताप सिंह जूदेव और विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कल्याण आश्रम के महामंत्री योगेश बापट, अभय कंस्ट्रक्शन के अभय सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत उपस्थित रहे। वहीं गरबा महोत्सव के प्रायोजक रामनिवास अग्रवाल, टीवीएस शिव शक्ति से विकास गुप्ता, वंशराज बाउंड्री वॉल से मनोज गुप्ता, अलंकार साड़ी से मुकेश सोनी, गोपाल ऑटो से गोपाल यादव, ज्योति ट्रेडर्स से अमित सोनी, जगदंबा ज्वेलर्स से जिमी सोनी, आर्किटेक्ट ऋषभ गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र कुमार अग्रवाल ने भी उपस्थित होकर आयोजन में समिति के साथ पूर्ण सहभागिता निभाई। राजा रणविजय सिंह जूदेव ने कहा श्री नारायण जनकल्याण समिति जशपुर विगत 22 वर्षो से भक्ति का संदेश दे रही है, इस पर मेरा पूरा आशीर्वाद और साथ हमेशा बना रहेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा नगर के विकास में समिति का सहयोग मिल रहा है। समिति द्वारा अच्छे ड्रेस, अच्छे डांस और बंपर पुरस्कारों की घोषणा की गई। मुख्य पुरस्कार आशीष सतपथी, सतपथी इन्फोटेक की ओर से कंप्यूटर सेट दिया गया। इसके अलावा अनेक प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

108 एंबुलेंस चालक ने की स्टाफ नर्सों के साथ अभद्रता, बीएमओ से शिकायत

पत्थलगांव। 108 एंबुलेंस के चालक ने सिविल अस्पताल के स्टाफ नर्सों के साथ अभद्रता की। इसकी शिकायत बीएमओ से की गई है।

सिविल अस्पताल की नर्स ने शिकायत में लिखा है कि 108 एम्बुलेंस चालक जगन्नाथ यादव द्वारा अभद्र व्यवहार एवं बार-बार विवाद किया जाता है। 16 अक्टूबर की रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गंभीर प्रसूति मरीज को उच्च चिकित्सा केंद्र में रेफर करने के दौरान 108 एम्बुलेंस चालक जगन्नाथ यादव द्वारा विवाद एवं अभद्र व्यवहार किया गया। प्रारंभ में 102 एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई थी तथा तमता से एम्बुलेंस भी उपलब्ध हो गई थी।



लेकिन मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए 102 की आईडी कैंसिल की गई, क्योंकि 102 एम्बुलेंस में आवश्यक मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं थी। रास्ते में मरीज को मेडिकल इमरजेंसी की आवश्यकता पड़ सकती थी। मरीज की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था करना आवश्यक था। इसके बावजूद चालक जगन्नाथ यादव द्वारा विवाद एवं अभद्र व्यवहार किया गया। उल्लेखनीय है कि उनके द्वारा पूर्व में भी दो बार इसी प्रकार विवाद किया जा चुका है। इस प्रकार की घटनाओं से स्वास्थ्यकर्मियों को कार्य करने में परेशानी होती है तथा आपातकालीन सेवाएँ प्रभावित हो सकती हैं। नर्स ने बीएमओ को शिकायत देकर घटना की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में सिविल अस्पताल बीएमओ डॉक्टर जेम्स मिंज ने बताया कि एक शिकायत पत्र स्टाफ नर्स से प्राप्त हुआ है। उक्त शिकायत पत्र को 108 एम्बुलेंस के जिला नोडल अधिकारी को भेजते हुए जांच कर उचित कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जगन्नाथ यादव दो जगह नौकरी कर रहा है। एक एंबुलेंस के चालक पद पर और ग्राम घरजियाबथान के मिडिल स्कूल में स्वीपर के पद पर भी तैनात है।

बिना अनुमति ढहा दिया गया सात दशक पुराना खादी भंडार

सीतापुर। नेशनल हाईवे क्रमांक 43 से सटे 70 साल पुराने खादी भंडार को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। बिना प्रशासनिक अनुमति के सात दशक पुराने भवन को तोड़े जाने का कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस ने शासन की बेशकीमती जमीन पर कब्जे की नीयत से ढहाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि नगर के मध्य नेशनल हाईवे क्रमांक 43 से सटे 70 साल पुराने खादी भंडार के भवन को रविवार के दिन जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। शासकीय भूमि पर निर्मित इस भवन को ढहाने के लिए कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी।

गोढ़ी कला भांटामुडा पंचायत में सीसी रोड निर्माण भगवान भरोसे



■ बिना बेस के सड़क निर्माण धड़ल्ले से जारी

पत्थलगांव। ग्राम पंचायत गोढ़ी कला भांटामुडा में 15वें वित्त से साढ़े तीन लाख रुपए से सीसीरोड निर्माण किया जा रहा है। उस सीसी सड़क निर्माण के घटिया गुणवतापूर्ण कार्य धड़ल्ले से जारी है। सीसी सड़क बनाने के लिए सबसे पहले उस जगह बेस किया जाता है। पर बिना बेस किए सड़क बनाने का काम किया जा रहा है। जिससे ये समझा जा सकता है कि गांवों को विकास के लिए दी जा रही राशि का किस तरह ग्राम पंचायत दुरुपयोग के रहा है।

सोमवार की सुबह भांटामुड़ा कार्य स्थल में पहुंचने में सीसी सड़क निर्माण को देख कर लोग भौचक्का हो गए। वहां बिना बेस किए ही सड़क निर्माण किया जा रहा है। प्लास्टिक बिछाकर ढलाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की कोई गुणवत्ता नहीं है। बस नीचे काला प्लास्टिक बिछा कर सड़क ढलाई किया जा रहा है। जिसकी कोई गुणवत्ता नहीं है। सड़क दो दिन में हो टूटना शुरू हो चुका है। पत्थलगांव जनपद पंचायत के कार्यपालन अधिकारी संजय चंद्रा को जब ग्राम पंचायत गोढ़किला के भांटामुड़ा में खराब और पूरी तरह गुणवत्ता रहित सीसी सड़क निर्माण की जानकारी दी गई जिसमें बेस तक नहीं किया गया है। तो उन्होंने बताया कि उक्त कार्य की हम जांच कराएंगे अभी सड़क निर्माण को रुकवाया गया है और 15 वित्त की राशि भुगतान को रोका जाएगा। कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाई जाएगी।

असुर जनजाति के लिए उत्सव नहीं, शोक का अवसर है दशहरा

जशपुरनगर। देशभर में विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन रावण के पुतले का दहन कर उत्सव मनाने की परंपरा है, लेकिन जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड में रहने वाली असुर जनजाति की मान्यता इससे बिल्कुल अलग है। इस समुदाय के लिए दशहरा उत्सव का नहीं, बल्कि अपने पूर्वज और राजा माने जाने वाले महिषासुर की मृत्यु के शोक का अवसर है। यही वजह है कि नवरात्र से लेकर दशमी तक समुदाय के कई परिवारों में उत्सवी माहौल के बजाय शांति और शोक का वातावरण रहता है।

■ महिषासुर को मानते हैं अपना पूर्वज व राजा

जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड के लुखी, जरहापाठ, बुर्जुपाठ, हाड़ीकोना और दौनापठा जैसे गांवों में असुर समुदाय के लोग इस परंपरा को आज भी संजोए हुए हैं। झारखंड के गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिलों में भी इस जनजाति की आबादी निवास करती है। मुख्यधारा की पौराणिक मान्यताओं में महिषासुर



को देवी दुर्गा द्वारा वध किए गए असुर के रूप में देखा जाता है। वहीं, असुर समुदाय की लोकमान्यताओं में महिषासुर एक वीर, पराक्रमी और न्यायप्रिय राजा के रूप में याद किए जाते हैं। समुदाय के लोग उन्हें अपना पूर्वज मानते हैं और 'हुदुड़ दुर्गा' ⏭ शेष पेज 2 पर

नवरात्र से दशमी तक शोक की परंपरा

महिषासुर को अपना पूर्वज मानने के कारण असुर समुदाय के लोग नवरात्र के दौरान विशेष संयम बरतते हैं। इस अवधि में कई परिवार मांगलिक कार्यों से दूर रहते हैं। परंपरागत रूप से दशहरे के दिन घरों से बाहर निकलने और उत्सव मनाने से भी परहेज किया जाता रहा है। इस समुदाय के लिए यह समय अपने पूर्वज की स्मृति से जुड़ा है, जबकि आसपास के क्षेत्रों में दुर्गा पूजा और रावण दहन का आयोजन होता है।

दीपावली पर बुजुर्गों और पुरखों की पूजा

असुर समुदाय की परंपराएं दीपावली पर भी अलग रूप में दिखाई देती हैं। इस दिन देवी-देवताओं की पूजा से पहले घर के सबसे बुजुर्ग सदस्य को आसन पर बैठाकर उनका सम्मान किया जाता है और पैर छूकर आशीर्वाद लिया जाता है। इस परंपरा को 'आढ़ा-बूढ़ा' कहा जाता है।

खबर संक्षेप

हाई स्कूल ग्राउंड में होगा 51 फीट ऊंचे रावण दहन, तैयारी जोरों पर



बलरामपुर। दशहरा पर्व को लेकर जिला मुख्यालय में रावण दहन की तैयारी जोरों पर है। जिला मुख्यालय हाई स्कूल ग्राउंड में दशहरा के दिन 51 फीट ऊंचे रावण दहन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विशाल रावण का का पुतला बनाने के लिए क्षेत्र के जवाहर नगर से आए हुए कलाकारों द्वारा रावण के पुतला बनाने की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि कल देर शाम तक रावण बनकर तैयार हो जाएगा और दशहरे के दिन भव्य आतिशबाजी के साथ विशिष्ट अतिथियों के उपस्थिति में रावण का दहन किया जाएगा।

लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में मची गरबा की धूम, देर रात तक लोगों ने लिया आनंद



सीतापुर। नगर के उत्साही युवाओं द्वारा लालबहादुर शास्त्री में लगातार दूसरी बार गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस बार गरबा महोत्सव में आकर्षण का केंद्र थी तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कलाकार खुशी माली जिसे देखने लोगों में काफी उत्साह था और काफी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल में जमा हुए थे। देर रात जब वो मंच पर आई तो उत्साहित लोग खुशी से झूम उठे और खुशी माली संग गरबा धुन पर जमकर ठुमके लगाए। सीमित समय तक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने के बाद खुशी माली वापस अंबिकापुर के लिए रवाना हो गई। इसके बाद भी लोग देर रात तक गरबा की धुन पर झूमते रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर के व्यापारी, सामाजिक, अधिकारी एवं युवावर्ग ने भरपूर योगदान दिया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल कार्यक्रम के अंत तक मौके पर डटे रहे।

माउंट लिटेरा जी स्कूल में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ आयोजित हुई माता की चौकी



अंबिकापुर। माउंट लिटेरा जी स्कूल में नवरात्रि के पावन अवसर पर माता की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान अतिथियों के रूप में लेखराज अग्रवाल, जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया एवं श्रीमती सुमारी कुमारी (सरपंच, संजयनगर) उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती कमला सिंह सिसोदिया, छगन कुमार गुप्ता, श्रीमती वीणा सिंह सिसोदिया, देव सिंह सिसोदिया एवं विद्यालय के निदेशक निर्देशक केपी दीक्षित, उत्तम सिंह सिसोदिया, राजू अग्रवाल सर, दीपेश गुप्ता, श्री नितेश मेहता, प्रतीक दीक्षित एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ. बृजेश पांडे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नवदुर्गा एक्ट, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ, भक्तिमय गीत-भजन, पारंपरिक गोंधल नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रावण दहन से संबंधित विशेष प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा अग्रवाल ने कहा कि माता की चौकी जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान तथा नारी शक्ति के महत्व को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम प्रभारी आयुष सोनी, प्राची त्रिपाठी, प्राची राय, मुक्ति जयसवाल, जय प्रकाश विश्वास सहित पूरी आयोजन टीम तथा सभी शिक्षकों के समर्पण, सहयोग और अथक प्रयासों की सराहना की।

चैतन्य देवियों की झांकी में पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव



अंबिकापुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र चोपड़ा पारा में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित चैतन्य देवियों की भव्य झांकी के पांचवें दिन दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं सरगुजा महाराज टीएस सिंहदेव उपस्थित रहे। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि हमें अपने भीतर की शक्तियों पर ध्यान केंद्रित कर बेहतर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।

मेघनाथ व कुंभकरण का 45-45 फीट का पुतला बनकर तैयार, दशहरा के दिन झांकियों के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा

भव्य आतिशबाजी के साथ आज होगा 85 फीट के रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले दशहरा पर्व को लेकर तैयारी जोरों पर है। रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले बन कर तैयार हो चुके है जबकि आतिश बाजी के लिए तैयारियां अंतिम चरण में है। सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में दशहरा पर्व का मुख्य आयोजन पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया है। इस वर्ष रावण 85 फीट जबकि पिछले साल की अपेक्षा मेघनाथ, कुंभकरण पुतला 15 फीट कम कर 45-45 फीट के बनाए गए है।

20 अक्टूबर को मनाए जाने वाले दशहरा पर पीजी कॉलेज मैदान में विशाल रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतला का निर्माण हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कराया जा रहा है। रावण दहन के दिन उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस वर्ष रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के दहन पिछले साल की तहर चिन्हांकित जगह पर किया गया है और मैदान के एक क्षेत्र में अलग-अलग बेरीकेट का निर्माण किया गया है जिसमें लोग सहपरिवार रावण दहन को आसानी से देख सके। महोत्सव को लेकर सरगुजा सेवा समिति व नागरिक समिति की संयुक्त बैठक में पदाधिकारी व कार्यकर्ता की सहमति से दशहरा महोत्सव में होने वाले आयोजनों की रूपरेखा बनाई गई जिसमें इस वर्ष रावण की लंबाई पिछले साल की तरह 85 फीट का बनाया गया है जबकि मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले का निर्माण इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा लंबाई 15 फीट घटा कर 45-45 फीट का बनाया गया है। पिछले वर्ष मेघनाथ व कुंभकरण पुतले की लंबाई 60-60 फीट थी। रावण, कुंभकरण व मेघनाथ का पुतला बनकर तैयार हो चुका है।



वॉटर फ्रुफ नहीं है पुतला

कारीगर जावेद खान के मुताबिक पिछले एक माह से पुतला निर्माण शुरू किया था जो अंतिम चरण में है। रावण, कुंभकरण व मेघनाथ पुतला निर्माण में शहर के एक दर्जन से अधिक कारीगर द्वारा बनाया गया है। बारिश थमने तथा मौसम साफ होने पर इस वर्ष पुतला वॉटर फ्रुफ नहीं बनाया जा रहा है जबकि पिछले साल रावण, मेघनाथ व कुंभकरण का पुतला वॉटर फ्रुफ बनाया गया था।

राम मंदिर से निकाली जाएगी शोभा यात्रा

दशहरा के दिन शहर के राम मंदिर से झांकियों के साथ दोपहर में शोत्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा राम मंदिर से शुरू होकर जय स्तंभ चौक, सदर रोड, महामाया चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड, घड़ी चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए पीजी कॉलेज मैदान पहुंचेगी। जहां भव्य आतिशबाजी के बाद रावण दहन किया जाएगा।

एकता का प्रतीक

अमूमन राज्य के अधिकांश जिले सहित शहरों में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाई जाती है। दशहरा के दिन भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन कार्यक्रम को लेकर आयोजन समितियों द्वारा रावण दहन का विशेष आकर्षक बनाने के लिए दूसरे राज्यों से रावण बनाने वाले कारीगरों की टीम बुलाकर निर्माण कराया जाता है। परंतु शहर में पिछले 25 साल से किसी दूसरे राज्य की बजाय शहर के मोमिनपुरा निवासी जावेद खान (भोला) व उनके टीम द्वारा रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का निर्माण किया जा रहा है। किसी विशेष समुदाय द्वारा हिन्दू पर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने से शहर में एकता का मिशाल बन गया है। कारीगर जावेद खान भी हिन्दू पर्व में अपनी सहभागिता को लेकर गर्व महसूस करते है।

बिना अनुमति अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर काट रहे पेड़

बारिश थमते ही फिर से शुरू हुई पेड़ों की अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में हरे भरे पेड़ो की अवैध कटाई थमने का नाम नही ले रही है। शासन के नियमों को ताक पर रखकर बिना अनुमति के अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर लकड़ी की कटाई कर रहे है। कटाई के बाद लकड़ी तस्कर बिना पिट पास के उसे पड़ोसी राज्यों में ले जाकर खपा रहे हैं। शासन प्रशासन के नियमों के दरकिनार कर लकड़ी की कटाई करने वाले तस्करों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं।

विदित हो कि बारिश थमते ही क्षेत्र में हरे भरे पेड़ो की अवैध कटाई युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है। पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश से आये लकड़ी तस्कर शासन द्वारा लकड़ी कटाई हेतु बनाए गए नियमों को दरकिनार कर लकड़ी की कटाई कर रहे है जबकि शासन प्रशासन द्वारा निजी क्षेत्र के पेड़ों की कटाई के लिए नियम बना रखे हैं। इस नियम के तहत पेड़ के मालिक द्वारा एसडीएम कार्यालय में लकड़ी कटाई हेतु आवेदन देना अनिवार्य है। इसके बाद राजस्व एवं वन विभाग का मैदानी अमला कटाई से पहले लकड़ी का मुआयना करके जब रिपोर्ट सौपता है तब अनुमति मिलती है लेकिन क्षेत्र में सक्रिय अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर शासन के नियमों को मानने के बजाए खुद ही शासन प्रशासन बन बैठे है। लकड़ी तस्कर सारे नियमों को ताक पर रखकर स्थानीय दलालों के माध्यम से पेड़ के मालिक से संपर्क साधते है फिर उसे झांसे में लेकर औने पौने दामों में सौदा कर उसे बिना प्रशासनिक अनुमति के कटाई करते हुए पड़ोसी राज्यों में ले जाकर खपाते है। इस दो नम्बर के काम मे होने वाली मोटी कमाई को देखते हुए नगर समेत क्षेत्र में अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों की बाढ़ सी आ गई है। इनमें से कई ऐसे है जिनका अपने क्षेत्र के थानों में आपराधिक रिकार्ड रहा है। अब वो गुट बनाकर सीतापुर के शांतिप्रिय ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को धमका कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम चलता का प्रकाश में आया है जहां बिना प्रशासनिक अनुमति के स्थानीय दलाल के माध्यम से फैजाबाद यूपी निवासी जितेंद्र सिंह, पंकज सिंह, विकास सिंह, अशोक वर्मा द्वारा सेमल प्रजाति के विशाल पेड़ को काट दिया गया। जिसका विरोध करते हुए ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कटाई में लगे वाहन को जब्त कर थाने ले आई। हालांकि लकड़ी तस्करों ने कुछ समय बाद जब्त की गई मशीन को थाने से छुड़ा लिया था। इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा पंचनामा के जरिए लकड़ी कटाई करने वाले अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों के विरुद्ध एसडीएम कार्यालय एवं थाने में ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है।





मकान मालिकों ने भी नही कराया पुलिस को अवगत

क्षेत्र में लकड़ी कटाई करने आये अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर थाने में बिना वेरिफिकेशन कराये सालों से नगर में किराए के मकान में रह रहे है। किराए के मकान को इन्होंने अपना ठिकाना बना रखा है जहाँ से ये पूरे क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को संचालित करते हैं। जबकि पुलिस प्रशासन ने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बिना पुलिस वेरिफिकेशन के शहर में रहना गैरकानूनी है। इसके अलावा अगर मकान मालिक किसी बाहरी व्यक्ति को किराए में मकान दे रहा है तो इस संबंध में पुलिस को सूचना देना अनिवार्य है लेकिन मकान मालिक एवं किराएदारों ने पुलिस प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सालों से स्थानीय पुलिस को बिना सूचित किये किराये के मकान में रह रहे है। जब नगर या आसपास के क्षेत्रों में कोई बड़ी घटना हो जाती है तब पुलिस की आँख खुलती है और वो ऐसे मामलों में संज्ञान लेती है। लगता है सीतापुर में कोई बड़ी घटना होने के बाद ही बाहरी लोगों के वेरिफिकेशन को लेकर पुलिस की आँख खुलेगी।

जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की धूम

आधा दर्जन से अधिक पंडालो से निकाली गई कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज. बलरामपुर

जिला मुख्यालय सहित आपास क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की धूम मची हुई है और हर जगह माता रानी के जयकारे और आरती की धुन सुनाई दे रही है जिससे पूरा गांव शहर भक्ति में हो गया है

इसी कड़ी में आज जिला मुख्यालय स्थित आधा दर्जन से ऊपर पंडालों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा स्थानीय शहर के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए गाजे बाजे के साथ सिंदूर नदी, चनान नदी तक पहुंची। श्रद्धालुओं ने नदी से कलश में जल भरकर भक्ति में गाने और माता रानी के पारंपरिक गीतों को गाते हुए पंडाल तक पहुंचे। पंडालों में आचार्य द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण करके कलश स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही पंडालों के पट खुले और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ। माता रानी के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की गई। पूजा आराधना के बाद पट खुलते ही भक्तों का तांता लगने लगा। देर शाम तक पंडालों पर भक्तों की भीड़ लगी रही। पूजा आराधना के बाद श्रद्धालुओं ने गांव, शहर और देश की अच्छे विकास की कामना की। मुख्यालय के हिंदू चौकी, ब्लॉक कॉलोनी, श्री राम चौक, धोबा घाट रोड, भनौरा सहित विभिन्न पंडालों में भंडारे का भी आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार की रात से विभिन्न पंडालों में हनुमान चालीसा पाठ बाहर से आगे कीर्तन मंडली द्वारा किया गया। शारदीय नवरात्रि के सप्तमी के दिन मां कालरात्रि के पूजन के लिए भक्तों की सभी पंडालों में उमड़ी। इधर सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं।

विकासखंड अंतर्गत सभी पंडालों में धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गा पूजा



कुसमी। विकासखंड अंतर्गत दुर्गा पूजा समिति कुसमी, मां समलेश्वरी दुर्गा पूजा समिति सब्जी मंडी, शीतला मंदिर,कंजिया मां भवानी दुर्गा पूजा समिति सहित करकली, कमलापुर, सामरी, चांदो, सबाग, नीलकंठपुर, चैनपुर के अलावा अन्य स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना नवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस से लेकर विजया दशमी पूजा तिथि तक भंडारा का आयोजन किया जा रहा। क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में सुबह शाम आरती के साथ भजन कीर्तन कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। मां दुर्गा से क्षेत्र में अमन चैन शांति सुख समृद्धि बनी रहे ऐसी कामना मुख्य पुजारी सहित सभी श्रद्धालु द्वारा कामना की जा रही है।

कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हसौद। हसौद पुलिस की टीम ने 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देश पर प्रशिक्षु उप निरीक्षक जयराम साहू के नेतृत्व में हसौद पुलिस की टीम अवैध शराब की बिक्री, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में हसौद पुलिस की टीम ने एक बार फिर मुखबिर की सूचना पर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरघटा में दबिश देकर रोहित कुमार आजाद पिता दमला आजाद के कोला बाड़ी में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के 5 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरी 5 लीटर कच्ची महुआ शराब और हरे रंग की 2 लीटर क्षमता वाली पारदर्शी बोतल में भरी 2 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। इस तरह 7 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 700 रुपये बताई गई है जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के प्रत्याशियों ने तृतीय परिषद चुनाव में दर्ज की सफलता

हरिभूमि न्यूज. सूरजपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड के तृतीय परिषद चुनाव में छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ ने प्रदेश के सभी संभागों से अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे। इस चुनाव में संघ के प्रत्याशियों ने सक्रिय सहभागिता, संगठित प्रयासों और व्यापक जनसंपर्क के माध्यम से उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। सरगुजा संभाग से संघ के प्रत्याशी डॉ. रजनीश जायसवाल ने 101 मतों के अंतर से विजय प्राप्त कर संभाग का गौरव बढ़ाया।

- सरगुजा संभाग से डॉ. रजनीश जायसवाल 101 मतों से विजयी

परिषद का प्रमुख उद्देश्य आयुष चिकित्सकों के हितों की रक्षा करना, उनके अधिकारों को सुरक्षित रखना तथा आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए कार्य करना है। ऐसे में परिषद चुनाव आयुष चिकित्सकों के प्रतिनिधित्व और उनके व्यावसायिक हितों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अवसर है। सरगुजा संभाग में डॉ. रजनीश जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समन्वित प्रयास किए। संभाग के विभिन्न जिलों में संघ के पदाधिकारियों और चिकित्सकों ने अपने-अपने स्तर पर सक्रिय सहभागिता निभाते हुए चुनाव अभियान को मजबूती प्रदान की। इस क्रम में जिले से संघ के जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, अंबिकापुर से डॉ. सुनील मंदीलवार, बलरामपुर जिले से डॉ. अवधेश साहू, कोरिया जिले से डॉ. अशोक मिंज, एमसीबी जिले से डॉ. तेजकांत सोनकर तथा जशपुर जिले से डॉ. प्रदीप पटेल ने चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई।



इन सभी पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों ने अपने-अपने जिलों में संघ के प्रत्याशी के समर्थन में समन्वय स्थापित करते हुए चुनावी गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। चुनाव में सरगुजा संभाग से डॉ. रजनीश जायसवाल, बिलासपुर संभाग से डॉ. निशांत कौशिक, रायपुर संभाग से डॉ. ऐश्वर्या साहू, दुर्ग संभाग से डॉ. सुनील टंडन व बस्तर संभाग से डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर ने जीत हासिल की।

पृष्ठ 1 का शेष

गरबा महोत्सव में ...

के इस नवाचार ने दर्शकों को सड़क सुरक्षा के प्रति गहराई से सोचने पर विवश किया। अभियान को गति देते हुए मंच से नागरिकों व प्रतिभागियों को कुल 40 हेलमेट बांटे गए। इनमें संस्कृति सिल्क के अंशुल साय की ओर से 30 तथा जशपुर पुलिस की तरफ से 10 हेलमेट प्रदान किए गए। वहीं, महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रमिला यादव को उपहार स्वरूप स्कूटी प्रदान की गई।

जीवन रक्षा सर्वोपरि: डीआईजी - समारोह को संबोधित करते हुए डीआईजी एवं एसएसपी डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा, त्यौहारों का असली आनंद तभी सार्थक है जब हम और हमारा परिवार पूरी तरह सुरक्षित रहे। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन की अनिवार्य ढाल है। इस अवसर पर प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, सत्येंद्र सिंह, कृष्ण कुमार राय, एडिशनल एसपी राकेश कुमार पाटनवार, डीएसपी ट्रैफिक केआर चौहान, टीआई कोतवाली मोरध्वज देशमुख और यातायात प्रभारी खेमराज ठाकुर, चिंटू गुप्ता, सुनील सोनी, संजय सोनी, संजय सिंह, सातु सोनी, एसडीओपी केआर चौहान सहित अक्स टीम के सदस्य, पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

असुर जनजाति के...

नाम से भी संबोधित करते हैं।

मिट्टी का पिंड बनाकर पूर्वजों का स्मरण- दीपावली की रात घर के आंगन में मिट्टी का पिंड बनाकर महिषासुर और पूर्वजों का स्मरण किया जाता है। समुदाय के लोग पशुधन को भी जीवन और आजीविका का महत्वपूर्ण आधार मानते हैं। इसलिए दीपावली पर गाय-बैलों को नहलाने, उन्हें अरंडी की टहनियां खिलाने और उनके सींगों पर करंज का तेल लगाने जैसी परंपराएं भी निभाई जाती हैं। वही असुर जनजाति की पहचान प्राचीन लौह शिल्प परंपरा से भी जुड़ी रही है। पारंपरिक रूप से यह समुदाय जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहा है। हालांकि, वर्तमान समय में अशिक्षा, रोजगार की कमी, पलायन और अपनी पारंपरिक भाषा के लुप्त होने का संकट इस समुदाय के सामने चुनौती बनकर खड़ा है।

देश की सांस्कृतिक विविधता- जशपुर के असुर समुदाय की यह परंपरा बताती है कि भारत में एक ही पर्व को अलग-अलग समुदाय अपनी ऐतिहासिक स्मृतियों, लोककथाओं और सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर अलग-अलग तरीके से देखते हैं। इन परंपराओं को समझना और संरक्षित करना देश की सांस्कृतिक विविधता को सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी

दूरस्थ वनांचल की शालाओं में जिला मिशन समन्वयक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. ओड़गी

जिले में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शैक्षणिक नवाचारों के प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा मनोज कुमार साहू ने विकासखंड ओड़गी के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में संचालित विभिन्न शासकीय प्राथमिक शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालयों की समग्र स्थिति तथा जिले में संचालित 'शब्दबीज' शैक्षणिक नवाचार के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कम उपस्थिति और असंतोषजनक शैक्षणिक स्थिति को लेकर उन्होंने संबंधित विद्यालयों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला खर्रा में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पाए जाने पर जिला मिशन समन्वयक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रयास करने तथा पालकों से संपर्क कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। शासकीय प्राथमिक शाला कुप्पा एवं शासकीय प्राथमिक शाला लझरापारा, लांजित की स्थिति संतोषजनक पाई गई। इसके विपरीत शासकीय प्राथमिक शाला नदीपारा चिकनी की स्थिति अत्यंत असंतोषजनक मिलने पर संबंधित विद्यालय के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और विद्यार्थियों की उपस्थिति को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुधार पर जोर दिया गया। शासकीय प्राथमिक शाला जरगापारा के निरीक्षण के दौरान विद्यालय की दर्ज विद्यार्थी संख्या 67 पाई गई। इनमें 47 विद्यार्थी पण्डो समुदाय के हैं। विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर इस विषय में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में शिक्षकों के साथ-साथ पालकों और समुदाय की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।



प्रियदर्शन की 99वीं फिल्म में बाघ शिकारी बनेंगे अक्षय

नई दिल्ली। अक्षय कुमार एक नए कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए अनुभवी फिल्म निर्माता प्रियदर्शन के साथ काम करने जा रहे हैं। यह निर्देशक की 99वीं फीचर फिल्म होगी। रमेश तौरानी द्वारा निर्मित इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म में वे 1970 के दशक की पृष्ठभूमि में एक अनोखे बाघ शिकारी का किरदार निभाएंगे। प्रोजेक्ट की शूटिंग नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि तीन महीने तक चलने वाली शूटिंग राजस्थान के वन्यजीव इलाकों और मुंबई के एक सेट पर होगी। इसके अलावा, प्रोडक्शन टीम भोपाल में भी शूटिंग के लिए लोकेशन तलाश रही है। फिल्म की कास्ट में एक्टर अन्नू कपूर और राजपाल यादव शामिल हैं।

लाइफ Style

सारा

ऑफ शोल्डर लहंगे में बनीं मलिका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'धुरंधर' में अपने अभिनय से सबको इंप्रेस करने वालीं सारा अर्जुन अब अपनी रैंप वॉक से भी फैंस का दिल जीत रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने लैक्मे फैशन वीक में अपना रनवे डेब्यू किया और अपने अंदाज के लिए फिर तारीफें हासिल कर रही हैं।

'धुरंधर' स्टार सारा अर्जुन पिछले दिनों इस ब्लॉकबस्टर पिल्म को लेकर चर्चा में रहीं, जिसमें उन्होंने एक बार फिर अपनी एक्टिंग स्किल्स साबित कर दीं। बड़े पर्दे पर धूम मचाने के बाद सारा अर्जुन रैंप को भी अपने नाम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई में अपना रनवे डेब्यू किया और अपनी पहली ही रैंप वॉक से अब हर तरफ छाई हैं। सारा अर्जुन लैक्मे फैशन वीक में 'लैक्मे सैलून x अनुश्री रेड्डी' कोलैबोरेशन के लिए शोस्टॉपर बनीं और रैंप पर उतरते ही सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। उनकी वॉक में कॉन्फिडेंस साफ नजर आ रहा था। सारा अर्जुन ने नई दिल्ली के ताज पैलेस में रनवे पर वॉक किया। इस दौरान उन्होंने डिजाइनर के फॉल ब्राइडल कलेक्शन 'माया' का पाउडर-ब्लू ब्राइडल गाउन पहना हुआ था। बारीक सफेद कढ़ाई, स्कल्पटेड पेपलम और मरमेड हेम वाले लहंगे में सारा रैंप पर उतरीं, जो ब्राइडल फैशन की एक ऐसी झलक पेश कर रहा था जो किसी रोमांटिक फेयरी टेल से प्रेरित लग रहा था। सारा अर्जुन ने अपने रनवे डेब्यू को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि उनका डेब्यू ठीक वैसा ही था जैसा उन्होंने सोचा था।



हॉलीवुड मसाला



एक दिन पहले रिलीज होगी एवेंजर्स: डूम्सडे

नई दिल्ली। 'एवेंजर्स': डूम्सडे' अमेरिका समेत कई देशों में 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। पर भारत में इसके लिए मेकर्स ने अलग ही प्लानिंग की है। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत में 'एवेंजर्स': डूम्सडे' ग्लोबल रिलीज से एक दिन पहले ही रिलीज कर दी जाएगी. यानी भारतीय दर्शक 'एवेंजर्स': डूम्सडे' को 17 दिसंबर से ही सिनेमाघरों में देख केंगे।'एवेंजर्स': डूम्सडे'भारतीय सिनेमाघरों में गुरुवार, 17 दिसंबर को रिलीज होगी. इससे फिल्म को चार दिनों का वीकेंड मिलेगा।



लाइव कॉन्सर्ट के स्टेज से गिरी सिंगर

नई दिल्ली। लाइव कॉन्सर्ट के दौरान कभी कभी कुछ ऐसे हादसे हो जाते हैं जो कि कलाकारों के लिए बहुत ही चैलेंजिंग हो जाते हैं। चीनी सिंगर सिंगर जॉन झांग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग उनकी विल पावर और डेडिकेशन की खूब तारीफ कर रहे हैं, क्योंकि अगर आम सिचुएशन कोई सात फुट की ऊंचाई से गिरे तो नॉर्मल होने में कम से कम 15 से 20 मिनट तो लेगा ही लेकिन जॉन महज 20 सेकेंड के अंदर अपने पैरों पर खड़ी थीं और स्टेज पर थीं। वीडियो में आप देखेंगे कि जॉन गा रही थीं कि अचानक उनका बैलेंस बिगड़ा और वह नीचे गिर गईं। उनके गिरते ही पूरी टीम उन्हें सम्भालने के लिए पहुंची। जॉन की हिम्मत देखिए कि गिरने के बाद भी उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। उनकी टीम ने उन्हें सम्भाला, देखा कि वह ठीक हैं या नहीं।



नवरात्रि पर्व के रंग में रंगीं शिल्पा

नई दिल्ली। पूरा देश नवरात्रि के जश्न में डूबी हुआ है। सोशल मीडिया पर गरबा डांस, रंग-बिरंगे पारंपरिक कपड़े और वायरल डांस ट्रेंड खूब छाए हुए हैं। लोग एक साथ मिलकर त्योहार मना रहे हैं, जिसकी खूबसूरत झलकियां देखने को मिल रही हैं। इसके अलावा, इंटरनेट पर त्योहार की खुशी दिखाने वाली कई क्रिएटिव रील्स भी वायरल हो रही हैं। वहीं एक ट्रेंड लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है, जिसमें मशहूर गुजराती गरबा गाने की धुन पर कपड़े बदलते हुए मजेदार ट्रांजिशन दिखाए जा रहे हैं। इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी शामिल हो गई हैं, जो ट्रेंड को फॉलो करने में हमेशा आगे रहती हैं। इस ट्रेंड में लोग एक ही गरबा स्टेप को दो बार करते हैं। पहले अपने रोजमर्रा के कपड़ों में और फिर म्यूजिक की बीट बदलते ही वे शानदार ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आते हैं।



दुर्गा पूजा पंडाल में नजर आए रणबीर...

मुंबई। रणबीर कपूर इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस बीच अभिनेता नवरात्रि के दौरान मुंबई के 'नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनीन दुर्गा पूजा' पंडाल पहुंचे। वहां उनकी मुलाकात अपने फिल्ममेकर दोस्त अयान मुखर्जी से हुई। यहां सबसे खास पल वह था जब रणबीर, हर्षदीप कौर के साथ मंच पर आए और अपनी 2013 की हिट फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' का गाना 'कबीरा' गाया। पूजा पंडाल में रणबीर कपूर लाल और सुनहरे रंग के कुर्ते और सफेद पजामे में नजर आए। अभिनेता को देवी दुर्गा का आशीर्वाद लेते देखा गया। इसके बाद उन्होंने हाथ जोड़कर कुछ तस्वीरें खिंचवाईं। साथ ही उन्हें पूजा स्थल पर अयान और अन्य मेहमानों का अभिवादन करते हुए भी देखा गया।

टीवी मसाला



शादी के लिए सालभर विजय के पीछे पड़ी थीं रश्मिका

नई दिल्ली। 'कॉफी विद करण' के दूसरे एपिसोड में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मेहमान बन कर पहुंचने वाले हैं। शो के हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में कपल ने निजी जिंदगी से जुड़े कई खुलासे किये। उन्होंने बताया कि दोनों में से शादी के लिए कौन किसके पीछे पहले पड़ा था। 'कॉफी विद करण' के नवीन सीजन के दूसरे एपिसोड में फैंस के दिलों पर राज करने वाला कपल गेस्ट के रूप में पहुंचा। रश्मिका और विजय से करण ने पूछा कि शादी के लिए किसने पहल की। इस पर विजय ने हंसते हुए कहा कि रश्मिका ने उनसे पूछा कि चलो शादी करते हैं। एक्ट्रेस ने 100 बार उनसे यह सवाल किया था। इस पर रश्मिका ने कहा वह लगभग एक साल तक शादी के लिए विजय के पीछे रहीं। वहीं, जब रश्मिका से पूछा गया कि उन्हें किसके साथ काम करके ज्यादा मजा आया? अल्लू अर्जुन या रणबीर कपूर.. तो अभिनेत्री ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का नाम लिया। वहीं, जब करण ने विजय से पूछा कि रश्मिका के अलावा आपकी जोड़ी किस अभिनेत्री के साथ अच्छी लगती है? तो रश्मिका ने जवाब दिया- कोई नहीं। इस पर विजय बोले- शादी का पहला नियम है कि अपनी पत्नी से सहमत रहें। बता दें कि यह एपिसोड इस बुधवार को प्रसारित होगा। मशहूर साउथ स्टार्स विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को शादी के बंधन में बंधे। दोनों का यह बेहद निजी विवाह समारोह राजस्थान के उदयपुर में में संपन्न हुआ। इस शादी में सुबह तेलुगु रीतिरिवाज से फेरे हुए, वहीं शाम को रश्मिका के गृहनगर की कोडवा परंपरा निभाई गई।

रामलीला में शिल्पा बनीं माता सीता

नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शिल्पा शिंदे माता सीता के किरदार में मंच पर डायलॉग बोलती नजर आ रही हैं। शिल्पा इस सीन में वनवास वाला सीन करती नजर आ रही हैं। भगवा साड़ी में शिल्पा इस किरदार में बेहद इम्प्रेसिव लग रही हैं। इस सीन में आप देखेंगे कि मां सीता यानी कि शिल्पा शिंदे लक्ष्मण से कह रही हैं कि वे जंगल में जाकर श्रीराम को ढूंढकर लाएं लेकिन लक्ष्मण जो भाभी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं वह जाने से इंकार कर देते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर जानकारी दी गई है कि यह दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट शालीमार बाद वाली रामलीला है। यह रामलीला काफी ऐतिहासिक मानी जाती है और इसके आयोजन काफी बड़े स्तर पर किया जाता है। टीवी स्टार्स कई बार इस रामलीला का हिस्सा बनते नजर आते हैं। काम के मोर्चे पर अगर बात करें तो हाल में शिल्पा शिंदे ओटीटी पर आए रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में नजर आई थीं।



स्पिरिट की नई रिलीज डेट जारी रामायण 2 से टकराएगी

नई दिल्ली। प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है। खासतौर पर दीपिका पादुकोण संग निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के विवाद के बाद इस फिल्म की काफी चर्चा में है। पहले इस फिल्म में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली थीं, लेकिन कुछ विवादों के बाद अभिनेत्री इस प्रोजेक्ट से अलग हो गईं और फिल्म में उनकी जगह तृप्ति डिमरी ने ले ली। इस साल की शुरुआत में एक पोस्ट साझा करते हुए मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया था, जिसके अनुसार फिल्म 27 मार्च 2027 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ वजहों से इसकी रिलीज पोस्टपोन कर दी गई और अब मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है, जिसके अनुसार फिल्म 2027 में रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर लेगी। रविवार, 18 अक्टूबर को संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' के लिए एक नई रिलीज डेट की घोषणा की और फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया। नए पोस्टर में सिर पर हैट पहने प्रभास नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने 'स्पिरिट' की रिलीज डेट 29 अक्टूबर 2027 तय की है, यानी फिल्म दिवाली के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी दौरान रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' भी रिलीज होने वाली है। यानी बड़े पर्दे पर अब प्रभास / रणबीर कपूर देखने को मिल सकता है। इससे पहले यह फिल्म 5 मार्च 2027 को रिलीज होने वाली थी। 'एनिमल' के डायरेक्टर ने रविवार को फैंस को एक हिंट दिया। उन्होंने बताया कि वे 'स्पिरिट' फिल्म से प्रभास का एक नया लुक और फिल्म की नई रिलीज डेट सामने लाने वाले हैं और उन्होंने ऐसा ही किया।





रेड कार्पेट पर कोचर गाउन से जीता दिल

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने थोड़ा वक्त निकाल कर 'एनुअल एकेडमी म्यूजियम गाला' में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। रेड कार्पेट पर उन्होंने एक बेहतरीन कॉउचर गाउन पहना था, जिसमें उनका अंदाज बेहद ग्लैमरस और आकर्षक लग रहा था। जहां इस शाम कई बड़े सितारे शानदार परिधानों में नजर आए, वहीं प्रियंका का लुक सबसे अलग था। अभिनेत्री ने शैंपेन-गोल्ड रंग का साटन गाउन पहना था, जिसमें एक खास ऑफ-शोल्डर नेकलाइन थी। यह उनके कॉलरबोन को बहुत खूबसूरती से उभार रही थी। गाउन का मुलायम कपड़ा उनके शरीर पर बहुत ही नजाकत से लिपटा हुआ था। यह उनके फिगर को एक बेहतरीन आकार दे रहा था। गाउन नीचे की तरफ फर्श तक लंबा था और पीछे की ओर एक हल्की 'ट्रेल' भी थी। नेकलाइन पर लगे नाजुक सुनहरे काम और चेन जैसी डिटेलिंग ने गाउन की चमक को और निखार दिया। प्रियंका ने अपने लुक को पूरा करने के लिए गले से सटा हुआ एक चमकदार डायमंड नेकलेस पहना, जो इस सुनहरे रंग के साथ बहुत जंच रहा था। इसके साथ उन्होंने एक शानदार घड़ी और कुछ साधारण अंगूठियां पहनी थीं, ताकि पूरा ध्यान उनके गाउन के अनोखे डिजाइन पर ही रहे। मेकअप और स्टाइल की बात करें तो, प्रियंका ने एक ग्लैमरस और सधा हुआ लुक चुना। उनकी आंखों को हल्का और सुंदर रूप दिया गया था, होंठों पर न्यूड शेड की लिपस्टिक थी और उनका चेहरा एकदम दमक रहा था। उनके गहरे रंग के बाल खुले थे और एक तरफ से पार्ट किए गए थे, जो उनके कंधों पर गिरते हुए गाउन की खूबसूरत नेकलाइन के साथ बहुत अच्छे लग रहे थे। काम की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन हैं। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। यह फिल्म 7 अप्रैल 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



गरबा स्पेशल गानेः 'नगाड़ा संग ढोल' से 'कमरिया' तक

नवरात्रि की असली रौनक हैं बॉलीवुड के ये सुपरहिट गाने

नई दिल्ली। नवरात्रि का त्योहार लगभग खत्म होने को है। हालांकि, इसके बावजूद भी देशभर में हर तरफ गरबा और डांडिया की धूम देखने को मिल रही है। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर, ढोल की थाप और बेहतरीन गानों के साथ इस त्योहार का जश्न मना रहे हैं। कोई खास त्योहार हो और उसमें बॉलीवुड के गाने न बजे ऐसा तो हो ही नहीं सकता। हिंदी सिनेमा ने हर मौके के लिए लोगों को शानदार गाने दिए हैं। अब आप गरबा को लेकर ही देख लीजिए। बॉलीवुड की अलग-अलग फिल्मों में ऐसे कई गाने हैं, जिनको गरबा नाइट पर बजाकर थिरका जा सकता है।

ढोली तारो ढोल बाजे

फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' का गाना 'ढोली तारो ढोल बाजे' बॉलीवुड के सबसे फेमस गरबा गीतों में गिना जाता है। ऐश्वर्या राय बच्चन और सलमान खान पर फिल्माए गए इस गाने में पारंपरिक गुजराती संगीत, ढोल की दमदार थाप और भव्य डांस का ऐसा मेल देखने को मिलता है, जो दर्शकों को सीधे गरबा के माहौल में पहुंचा देता है। इस गाने की खासियत सिर्फ इसकी तेज लय नहीं, बल्कि इसकी प्रस्तुति भी है। ट्रेडिशनल ड्रेस, ग्रुप डांस और एनर्जी इसे नवरात्रि के लिए खास बनाते हैं। यही वजह है कि रिलीज के वर्षों बाद भी यह गाना गरबा और डांडिया आयोजनों में खूब सुनाई देता है।

घणी कूल छोरी

फिल्म 'रश्मि रॉकेट' का गाना 'घणी कूल छोरी' तापसी पन्नू पर फिल्माया गया है। इस गाने में पारंपरिक गुजराती रंग के साथ मॉडर्न म्यूजिक का भी अच्छा मेल देखने को मिलता है। इसकी धुन और बीट्स काफी जोशीली हैं, जो लोगों को डांस करने के लिए उत्साहित करती हैं। नवरात्रि के दौरान गरबा और डांडिया की प्लेलिस्ट में यह गाना एक अच्छा विकल्प है। पारंपरिक अंदाज और नए जमाने के संगीत का मेल इसे बाकी गानों से थोड़ा अलग बनाता है।



चोगाड़ा : फिल्म 'लवयात्री' का गाना 'चोगाड़ा' गरबा के सबसे पसंदीदा गानों में से एक है। आयुष शर्मा और वरीना हुसैन पर फिल्माया गया यह गाना अपनी धुन और बीट्स के लिए काफी मशहूर है। इसकी खास बात यह है कि इस पर गरबा करना आसान है और नए लोग भी इसके स्टेप्स जल्दी सीख सकते हैं। यही वजह है कि नवरात्रि में कॉलेज से लेकर सोसायटी और बड़े गरबा पंडालों तक, यह गाना खूब बजता है।

शुभारंभ

फिल्म 'काई पो चे!' का गाना 'शुभारंभ' नवरात्रि और त्योहारों के माहौल के लिए काफी पसंद किया जाता है। इसके नाम का मतलब ही है किसी अच्छे काम की शुरुआत। गाने की धुन में गुजराती संगीत का रंग है, जो इसे खास बनाता है। नवरात्रि में यह गाना बजते ही लोगों का उत्साह बढ़ जाता है। इसकी खास बात यह है कि यह सिर्फ डांस करने के लिए ही नहीं, बल्कि त्योहार की खुशी और अपनों के साथ जश्न मनाने का एहसास भी कराता है।

कमरिया

फिल्म 'मित्रों' का 'कमरिया' भी नवरात्रि की कई प्लेलिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। जैकी भगनानी और कृतिका कामरा पर फिल्माया गया यह गाना अपनी चुलबुली धुन और जोशीली प्रस्तुति के लिए जाना जाता है। इस गाने में गरबा के पारंपरिक संगीत के साथ नए जमाने के म्यूजिक का भी मेल है। यह पूरी तरह पारंपरिक गरबा गीत नहीं है, लेकिन इसकी धुन और तेज बीट्स लोगों को नाचने पर मजबूर कर देती हैं। यही वजह है कि नवरात्रि की गरबा नाइट में भी यह गाना खूब पसंद किया जाता है।

उड़ी उड़ी जाए : फिल्म 'रईस' का 'उड़ी उड़ी जाए' एक ऐसा गाना है, जो रोमांस और गुजराती उत्सव के रंगों को खूबसूरती से जोड़ता है। शाहरुख खान और माहिरा खान पर फिल्माया गया यह गाना अपनी मधुर धुन और पारंपरिक माहौल के कारण फेमस हुआ। इस गाने की धुन काफी मधुर है, जिस पर लोग आसानी से गरबा कर सकते हैं। तेज बीट्स वाले गानों के बीच यह गीत माहौल में मिठास और रंग भर देता है। यही वजह है कि नवरात्रि के दौरान लोग इसे सुनना और इस पर डांस करना पसंद करते हैं।

ढोलिडा : फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का गाना 'ढोलिडा' आजकल के मशहूर गरबा गानों में से एक है। आलिया भट्ट ने इस गाने में शानदार डांस किया है, जो लोगों को काफी पसंद आया। ढोल की तेज थाप और गरबा के पारंपरिक स्टेप्स इस गाने को खास बनाते हैं। नवरात्रि में इस गाने पर गरबा करने का अपना ही मजा है। इसकी धुन सुनते ही लोग झूमने लगते हैं और पूरा माहौल उत्साह से भर जाता है।

खबर संक्षेप

कुकरीचोली में अवैध लकड़ी परिवहन, कार्रवाई

रायगढ़। खरसिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकरीचोली में आम प्रजाति की लकड़ी के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर उड़नदस्ता दल रायगढ़ एवं वन परिक्षेत्र खरसिया के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। इस दौरान ट्रक व लकड़ी को जब्त कर लिया गया है। मौके पर निरीक्षण के दौरान एक ट्रक में आम प्रजाति की लकड़ी लोड की जा रही थी। ट्रक में लगभग दो चट्टा आम की लकड़ी लोड पाई गई। वन अमले द्वारा मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से लकड़ी की कटाई, संग्रहण एवं परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु उनके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। वैध दस्तावेजों के अभाव में उड़नदस्ता दल रायगढ़ एवं वन परिक्षेत्र खरसिया की संयुक्त टीम द्वारा ट्रक सहित आम प्रजाति की लकड़ी जब्त कर मदनपुर डिपो परिसर में लाया गया। प्रकरण में लकड़ी के स्रोत, कटाई एवं परिवहन की वैधता के संबंध में जांच की जा रही है तथा नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

किसान इंधर ने धान के बदले लगाई मूंगफली

रायगढ़। जिले के ग्राम कछार निवासी किसान इंधर पटेल ने धान के बदले दो एकड़ भूमि में मूंगफली की खेती की है। योजना के तहत पात्रता अनुसार उन्हें आदान सहायता का लाभ मिलेगा। सान इंधर पटेल के पास लगभग 10 से 12 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा उन्हें मूंगफली के बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। धान की तुलना में मूंगफली की खेती में लागत कम आने, दवाइयों का कम उपयोग होने तथा श्रम की आवश्यकता कम होने के कारण उन्होंने इस फसल को अपनाया है।

सेवा सेतु से शिक्षक आकाश को मिली राहत

रायगढ़। जिले के घरघोड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम कसईया निवासी शिक्षक आकाश कुमार बारीक को भी इस डिजिटल पहल से लाभ मिला। उन्हें शैक्षणिक कार्यों, छात्रवृत्ति एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थेए जिससे समय और श्रम खर्च होता था। सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिलने पर उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया और इस सुविधा का लाभ उठाया।

महुआ से लेकर देशी-विदेशी शराब की बिक्री



कटेली। कटेली में अवैध शराब का कारोबार बेखौफ चल रहा है। यहां देशी-विदेशी शराब तक लोगों को आसानी से मिल जाती है। गांव में दर्जनों लोग खुलेआम कच्ची महुआ शराब के साथ ही देशी विदेशी शराब बेच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, छापेमारी कर शराब भी जब्त की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद शराब व्यापारियों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की कार्रवाई महज खानापूर्ति साबित हो रही है। कार्रवाई के कुछ दिन बाद ही कारोबारी फिर से सक्रिय हो जाते हैं, जिस पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। खुलेआम शराब बिकने से गांव में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और युवा वर्ग इसके चपेट में आ रहा है, जिससे ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। गांव में ऐसे दर्जनों लोग हैं जो शराब बिक्री व्यवसाय बन चुका हैं शराब बिक्री कर अधिक आय अर्जित करके शराब बिक्री को बढ़ावा दे रहे हैं अवैध शराब विक्रेता गांव में दिनों दिन शराब विक्रेताओं की संख्या में वृद्धि हो रही है जिससे महिला वर्ग काफी परेशान है एवं चिंतित हैं। शराब बिक्री के संबंध में ग्राम पंचायत कटेली के सरपंच प्रेम बाई चौहान ने बताया की गांव में शराब बेचना एवं बनाना सख्त मना है जिसकी मुनादी कराई गई थी।

50 किलो गौमांस व औजार जब्त

कांसाबेल में गौवंश का वध कर मांस काटते 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले में गौवंश से संबंधित अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना कांसाबेल पुलिस ने ग्राम सागीभावना के गिरजाटोली क्षेत्र में गौवंश का वध कर मांस काटने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान लगभग 50 किलोग्राम गौमांस, लोहे का गड़ासा, प्लास्टिक का थैला, गौ वंश का सिर, चार पैर, चमड़ी, पूंछ सहित अन्य अवशेष तथा मांस काटने में प्रयुक्त लकड़ी का गुटका जप्त किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की तत्काल रेड कार्रवाई- 17 अक्तूबर को थाना कांसाबेल पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सागीभावना निवासी जकरियस तिग्गा अपने अन्य साथियों के साथ ग्राम सागीभावना के फिलिममुड़ा पहाड़ के नीचे, चट्टान एनोस के खेत के पास गौवंश का वध कर मांस काट रहे हैं तथा मांस का आपस में बंटवारा कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना कांसाबेल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम के द्वारा गवाहों के साथ घटनास्थल की घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की।

मौके पर मिला गौमांस एवं वध में प्रयुक्त गड़ासा

पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर दबिश देने के दौरान जकरियस तिग्गा, पिता मंजर तिग्गा, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम सागीभावना, थाना कांसाबेल, जिला जशपुर मौके पर मिला। घटनास्थल की जांच करने पर वहां गौवंश का वध कर मांस काटे जाने के साक्ष्य मिले। मौके से लगभग 50 किलोग्राम गौमांस एवं एक लोहे का गड़ासा बरामद किया। इसके अतिरिक्त घटनास्थल पर गौ वंश का सिर, चार पैर, चमड़ी, पूंछ सहित अन्य अवशेष तथा मांस काटने के लिए उपयोग किया गया लकड़ी का गुटका भी मिला। गौमांस को प्लास्टिक के थैले में रखा गया था। पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में बरामद सामग्री का विधिवत जप्ती पंचनामा तैयार कर उसे पुलिस कब्जे में लिया। कार्रवाई के दौरान अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मौके पर मिले आरोपी जकरियस तिग्गा से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि ग्राम खारपानी से सफेद रंग की गौ वंश को ग्राम सागीभावना के फिलिममुड़ा पहाड़ के नीचे, चट्टान में एनोस के खेत के पास लाकर अपने साथियों के साथ उसका वध कर मांस काटा जा रहा था।पूछताछ में मसीह दास तिर्की, धीरज तिग्गा एवं पीटर मिंज सहित अन्य व्यक्तियों के नाम सामने आए। आरोपी द्वारा प्रस्तुत किए गए गड़ासे एवं गौमांस को गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जप्त किया गया। घटनास्थल से मिले गौवंश के अवशेषों को भी आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया के तहत जप्त कर आगे की कार्रवाई की गई।

चार अन्य आरोपियों को पकड़ कर की गई कार्रवाई

प्रकरण की विवेचना के दौरान थाना कांसाबेल पुलिस ने अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी रखी। इसी क्रम में 18 अक्टूबर को मसीह दास उर्फ ईशु दास, धीरज तिग्गा, पीटर उर्फ शांति पीटर मिंज एवं उदय कुमार मिंज को पकड़कर थाना लाया गया। इस प्रकार पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की।

गौवंश के सिर, पैर, चमड़ी अवशेषों का होगा परीक्षण

विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा पशु चिकित्सक को घटनास्थल पर बुलाया गया। पशु चिकित्सक से गौमांस एवं गौवंश के सिर, पैर, चमड़ी सहित अन्य अवशेषों का आवश्यक परीक्षण कराया गया। इसके पश्चात नियमानुसार अवशेषों को दफन कर पंचनामा तैयार किया गया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध थाना कांसाबेल में अपराध क्रमांक 179/ 2026, धारा 325 भारतीय न्याय संहिता एवं छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 5 एवं 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। विधिवत गिरफ्तार कर 18 अक्टूबर को सभी पांचों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

डायल-112 पर हमलावर और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



जशपुरनगर। जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के क्रम में लोदाम पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को शासकीय डायल-112 वाहन में तोड़फोड़ कर आरक्षक को घायल करने तथा दूसरे आरोपी को शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को 18 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

मामले में प्रार्थी रोशन टोप्पो, निवासी ग्राम कुकुरभुका, थाना बागबहार, वर्तमान में लोदाम निवासी, ने थाना लोदाम में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह डायल- 112 वाहन क्रमांक सीजी 03-A-2745 में चालक के पद पर कार्यरत है। 15 अक्टूबर की रात्रि लगभग 1:45 बजे डायल-112 टीम को लोदाम मंडी बैरियर के पास सार्वजनिक स्थान पर हथियार लहराने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर वह आरक्षक जीतेश कुमार ध्रुव के साथ तत्काल मौके पर पहुंचा। मौके पर ग्राम लोदाम निवासी योगेश कुमार भगत,, धारदार हथियार दाउली लहराते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा डायल-112 वाहन का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुलने पर उसने वाहन के बाईं ओर खड़े होकर धारदार दाउली से हमला कर दिया, जिससे वाहन के बाईं ओर के दोनों दरवाजों के शीशे टूट गए। शीशे के टुकड़े लगने से आरक्षक जीतेश कुमार ध्रुव के चेहरे पर चोट आई।घटना के संबंध में प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लोदाम में अपराध क्रमांक 65/2026, धारा 121(1), 324(3) भारतीय न्याय संहिता (BNS) एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी योगेश कुमार भगत, उम्र 30 वर्ष, निवासी लोदाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त लोहे की दाउली पेश किए जाने पर उसे गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया। अपराध में संलिप्तता पाए जाने पर आरोपी को दिनांक 18 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार-दूसरे मामले में 26 वर्षीय पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ 17 अक्तूबर को थाना लोदाम उपस्थित होकर थाना दुलदुला क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम के निवासी जगदेव सिंह, उम्र 24 वर्ष, के विरुद्ध शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना लोदाम में, धारा 64(2)(m), 69 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

धान के बदले अन्य लाभकारी फसलों के उत्पादन को दे बढ़ावा

किसानों को उद्यानिकी विभाग एवं शासकीय योजनाओं से जोड़ने के निर्देश



जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले में कृषि विकास, फसल विविधीकरण और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को शासन की योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया है। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को उद्यानिकी फसलों की खेती से होने वाले लाभों की जानकारी देने तथा धान के बदले अन्य लाभकारी फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री व्यास कलेक्टरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग सहित कृषि से संबंधित अन्य विभागों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में खरीफ फसल वर्ष 2026 के अंतर्गत प्राप्त क्षेत्राच्छादन, फसल विविधीकरण की स्थिति तथा रबी फसल वर्ष 2026-27 के कार्यक्रम निर्धारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम और एग्रोफॉरेस्ट्री उपमिशन सहित केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने जिले में मसाला, आलू, फल, सब्जी एवं पुष्प उत्पादन के साथ मधुमक्खी पालन की संभावनाओं और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती के साथ उद्यानिकी फसलों और अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि उनकी आय में वृद्धि के अवसर बढ़ सकें।

दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन

सरसीवा। नवरात्रि के पावन पर्व पर सरसीवा के कॉलोनी में दो दिवसीय गरबा नृत्य का आयोजन सफलता पूर्वक समापन हुआ। माँ दुर्गा उत्सव की आराधना और संस्कृति के रंग में रंगे गरबा नृत्य के इस दो दिवसीय आयोजन ने स्थानीय नागरिकों, महिलाएं,बच्चे युवक - युवतियों में उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा और भक्ति का अनूठा संगम रहा। गरबा महोत्सव के दौरान पूरा गरबा प्रांगण पारंपरिक दीपों की रोशनी, आकर्षक सजावट और भक्तिमय धुनों से जगमगा उठा था। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों विशेषकर महिलाएं युवाओं और युवतियो एवं बच्चों ने पारंपरिक चुनरी चोली और कुर्ता पायजामा पहनकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वही ढोल ताशों की थाप और पारंपरिक गरबा गीतों पर थिरकते कदमों ने लोगों का मन मोह लिया।

कांसाबेल क्षेत्र में बनेगा महादेवमुड़ा एनीकट कम काजवे

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में कांसाबेल क्षेत्र में 5 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से महादेवमुड़ा एनीकट कम काजवे का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और लगभग 150 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ प्राप्त होगा।

महादेवमुड़ा एनीकट कम काजवे का निर्माण क्षेत्र में जल संरक्षण और सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से जल संग्रहण को बढ़ावा मिलने के साथ उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। इससे कृषि कार्यों के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ाने और किसानों को सिंचाई संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होने से किसानों को अपनी कृषि भूमि में फसलों की सिंचाई करने में सुविधा होगी। साथ ही सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी



लाभ मिलेगा। विभागीय जानकारी के अनुसार, महादेवमुड़ा एनीकट कम काजवे का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए तेजी से कराया जा रहा है। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। महादेवमुड़ा एनीकट कम काजवे के निर्माण कार्य में तेजी आने से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में उम्मीद जगी है। क्षेत्रवासियों एवं किसानों ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

एनएसएस ने किया गोद ग्राम सूती उरकुली में शिविर का आयोजन



बिलाईगढ़। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा दत्तक ग्राम सूतीउरकुली में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू एवं रसायन शास्त्र के अतिथि व्याख्याता लेविस कुमार के मार्गदर्शन में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न हुआ, जिसमें 40 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने ग्राम के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता पर आधारित प्रेरक नारों के साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई। श्रमदान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में स्थित पीपल वृक्ष के चारों ओर एक सुदृढ़ चबूतरे का निर्माण किया तथा पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लेते हुए अनेक फलदार व छायादार पौधे रोपे। शिविर के बौद्धिक परिचर्चा एवं समापन सत्र कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू ने शिविर में संपादित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

चुंदापाठ में सियान सम्मान समारोह का समापन

जशपुरनगर। ग्राम चुंदापाठ स्थित देव संस्कृति विद्या मंदिर में 'सियान (बुजुर्ग) सम्मान समारोह' का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य मार्गदर्शक संत कृष्ण रेणु महाराज के पावन संदेश से हुआ।

महाराज ने मानव जीवन के महत्व, शास्त्र ज्ञान और सनातन संस्कृति की रक्षा पर प्रकाश डालते हुए निर्मल मन जन सो मोहि पावा दोहे के माध्यम से पवित्र मन की महत्ता समझाई। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र से यादव समाज के इतिहास को जोड़ा और बताया कि इस समाज ने हमेशा हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा की है। उन्होंने घर-घर रामायण पाठ के अध्ययन की प्रेरणा दी तथा युवाओं को बुजुर्गों का सम्मान करने व श्रेष्ठ संस्कार अपनाने का निर्देश दिया। इस दौरान संत कृष्ण रेणु महाराज ने स्वयं बुजुर्गों के माथे पर चंदन लगाकर उनका भावपूर्ण अभिनंदन किया। इसके बाद समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। वरिष्ठ बुजुर्ग नंदगोपाल यादव ने अत्यंत सहज और



सरल शब्दों में समाज को एकजुट होकर कार्य करने तथा सामाजिक जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। वहीं सुग्गा यादव ने संत गहविरा गुरु के साथ बिताए दिनों और सामाजिक कार्यों को याद करते हुए बताया कि गुरुजी के संपर्क में आने से पहले लोग मांसाहारी थे, लेकिन उनके संस्कारों से आज पूरा समाज शाकाहारी और धर्म-मार्ग पर चलने वाला बना है। इनका हुआ सम्मान- सम्मानित होने वाले प्रमुख बुजुर्गों में चुंदापाठ से जानकी यादव, मदन मोहन यादव, मंगन यादव, धाजा यादव, नंदगोपाल यादव, जीतनाथ यादव, रामहरख यादव, मेघु यादव; सुलेसा से भिखारी यादव, बालमकुंद यादव (महनई), सुग्गा यादव (घोरडेगा), रामगहन यादव, शत्रुधन यादव (मुढ़ी); पकरीपाठ से सियाराम यादव, भगडू यादव, जगदीश यादव, बबन यादव; छिछली से भागवत यादव; तथा अन्य क्षेत्रों से गोपाल यादव (सरधापाठ), लक्ष्मण यादव, शंकर यादव (गायबुडा), सोखा यादव (बेलवार), बालमिकी राम (भडीया), कृष्णा यादव (तेंदपाठ), कुलदीप यादव (पटकोना) एवं राधेश्याम यादव (नवापारा) आदि शामिल रहे।इस पूरे गरिमामय कार्यक्रम का सफल आयोजन युवा जनजागृति के अध्यक्ष अशोक यादव तथा संगठन के सभी सक्रिय सदस्यों के विशेष प्रयास और कड़ी मेहनत से संभव हो सका।

भरत को मिला मानद डॉक्टरेट सम्मान



घौठला बड़े। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फर्सवानी में कार्यरत व्याख्याता भरत लाल पटेल को दिल्ली फरीदाबाद में 10 अक्टूबर को भारत सरकार और नीति आयोग से मान्यता प्राप्त संस्था मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड ने मानद डॉक्टरेट के सम्मान से सम्मानित किया है। नवाचारी शिक्षक भरत लाल पटेल को यह सम्मान उनके द्वारा साहित्यिक योगदान के लिए दिया गया। हिंदी विषय के व्याख्याता भरत लाल पटेल स्कूल में अध्यापन के अतिरिक्त कविता, गीत और कहानी के माध्यम से समाज में नवीन चेतना लाने का सार्थक प्रयास करते रहते हैं। यद्यपि यह सम्मान और उपाधि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के लिए है इस उपाधि का उपयोग प्रशासनिक लाभ लेने में नहीं कर सकते हैं। भरत लाल पटेल ने सम्मान समारोह के सभा कक्ष के उद्बोधन में इस उपलब्धि को अपने सभी सहकर्मियों और स्कूल के बच्चों की प्रेरणा का प्रतिफल बता कर संस्था के नाम समर्पित किया।

नाले पर पुल निर्माण अटका, गोवर्धनपुर माध्यमिक शाला की बदहाली

न सड़क, ना ही बाउंड्रीवाल, शिक्षक पैदल पहुंचते हैं गोवर्धनपुर स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहरी क्षेत्र के स्कूल याने वेल फर्निश्ड, ऐसा लोग सोचते हैं, लेकिन गोवर्धनपुर के मिडिल स्कूल ठीक इसके विपरित है। यहां तो ऐसा है कि यदि गर्मी में भी बारिश हो जाए तो शिक्षिकों को पैदल जाना पड़ता है। बच्चे तो पैदल आते ही हैं। याने शहर में विकास के दावों के बीच गोवर्धनपुर माध्यमिक शाला की बदहाली व्यवस्था को आईना दिखा रही है।

स्कूल तक पहुंचने के लिए न ढंग की सड़क है, न परिसर में बाउंड्रीवाल। बारिश में रास्ता इतना बदहाल हो जाता है कि शिक्षक वाहन छोड़कर पैदल स्कूल पहुंचते हैं और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित होती है। हैरानी यह है कि जनसमस्या निवारण अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मुद्दा उठने, निगम आयुक्त के निरीक्षण और नाले पर पुल के लिए 15 लाख का स्टीमेट बनने के बावजूद समस्या जस की तस है। कुल मिलाकर जिम्मेदारों की अनदेखी से बच्चों और शिक्षकों की परेशानी बढ़ गई है।

गौरतलब है कि गोवर्धनपुर माध्यमिक शाला तक जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे और जलभराव की समस्या आज की नहीं बल्कि काफी पुरानी है। सामान्य दिनों में भी इस रास्ते से आवागमन आसान नहीं है, जबकि बारिश के दौरान पानी भरने से स्थिति और खराब हो जाती है। सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों को परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार हालात ऐसे बनते हैं कि स्कूल संचालन भी प्रभावित होने लगता है और अघोषित अवकाश जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है। वहीं विद्यालय की समस्या केवल पहुंच मार्ग तक सीमित नहीं है। स्कूल परिसर में सुरक्षा के लिहाज से जरूरी बाउंड्रीवाल का भी अभाव काफी समय से बना हुआ है। जिसका निर्माण आज तक नहीं हो सका है। ऐसे में विद्यालय की बुनियादी सुविधाओं और विद्यार्थियों के सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों को प्रतिदिन खराब रास्ते से गुजरना पड़ता है, लेकिन लंबे समय से मांग के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। जानकारी के अनुसार स्कूल तक पहुंच मार्ग को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए गए हैं। रास्ते में नाले पर पुल निर्माण के लिए करीब 15 लाख का स्टीमेट तैयार किया गया है, लेकिन संबंधित हिस्से में निजी भूमि होने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

